

रविवार को कानपुर दर्शन यात्रा का शुभारंभ किया गया। बस को महापौर प्रमिला पांडे और विधायक नीलिमा कटियार ने हरी झंडी दिखा रवाना किया। • हिन्दुस्तान

कानपुर दर्शन यात्रा का हुआ आगाज

कानपुर। शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने को रविवार से कानपुर दर्शन यात्रा का शुभारंभ किया गया है। छात्रों, शिक्षक, अभिभावक और एनजीओ के प्रतिनिधियों ने शहर के धार्मिक स्थलों के साथ ही मोहक स्थलों का भी लुत्फ उठाया। सर पदमपत सिंघानिया एजूकेशन सेंटर विद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि प्रमिला पाण्डेय और विशिष्ट अतिथि नीलिमा कटियार ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। डॉ सुधांशु राय, आरएन सिंह, डीआईओरएस अरुण कुमार रहे।